Sl. No. :

**BHN-22**

**Total No. of Pages : 2**

# Second Year B.A. Degree Examination, May/June - 2025

## (SLM Scheme)

## हिन्दी (Hindi) (Optional) (Paper - II)

## Texts : पद्यभारती, कामायनी, लहरों के राजहंस, नये एकांकी

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

***Note :*** ***All sections are compulsory.***

### SECTION - A

**I.** किन्हीं चार की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **[4 × 5 = 20]**

1) कोटि विघ्न संकट विकट, कोटि सत्रु जो साथ ।
तुलसी बल नहि कर सकै, जो सुदिष्ट रघुनाथ ।।

2) ''यह सच है तो अब लौट चलो तुम घर को ।''
चौंके सब सुनकर अटल कैकयी स्वर को ।
बैठी थी अचल तदापि असंख्य तरंगा,
वह सिन्हनी अब थी हहा गोमुखी गंगा ।

3) हृदय की अनुकृति बाह्य उदार एक लम्बी काया, उन्मुक्त,
मधु–पवन–क्रीडित ज्यो शिशुसाल, सुशोभित ही सौरभ संयुक्त ।।

4) सुना यह मनु ने मधु गुंजार मधुकरी का सा जब सानन्द
किये मुख नीचा कमल समान प्रथम कवि का ज्यों सुन्दर छंद ।

5) नारी का आकर्षण पुरुष को पुरुष बनाता है, तो उसका
अप कर्षण उसे गौतम बुद्ध बनाता है ।

6) यक्षिणी हो या नहीं, यह तो मैं नहीं कह सकता, पर
मानवी तुम नहीं हो ।

## SECTION - B

**II.** किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **[3 × 10 = 30]**

7) 'भोर का तारा' एकांकी के आधार पर शेखर और माधव के वार्तालाप पर प्रकाश डालिए ।

8) 'महाभारत की एक साँझ' एकांकी के आधार पर युधिष्ठिर और दुर्योधन के वार्तालाप के महत्व को स्पष्ट कीजिए ।

9) 'फूल और काँटे' कविता का सारांश लिखिए ।

10) 'लहरों के राजहंस' नाटक का परिचय देते हुए कथानक का संक्षिप्त वर्णन कीजिए ।

11) 'कामायनी' महाकाव्य में 'श्रद्धा' सर्ग का महत्व एवं विशेषता स्पष्ट कीजिए ।

## SECTION - C

**III.** किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **[2 × 15 = 30]**

12) पठित पद्यांश के आधार पर कबीरदास के दोहों में अभिव्यक्त विचारों पर प्रकाश डालिए ।

13) एकांकीकार का परिचय देते हुए 'सीमा रेखा' एकांकी की कथावस्तु का विवेचन कीजिए ।

14) 'लहरों के राजहंस' नाटक के आधार पर, सुंदरी और नंद के चरित्र का तुलनात्मक विवेचन कीजिए ।

15) 'कामायनी' महाकाव्य का कथासार संक्षेप में लिखते हुए उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

⌘⌘⌘